खाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow**

G20 भारत 2023 INDIA

## परीक्षा समिति (06) का कार्यवृत्त

**दिनांक 11.04.2023 को अपरान्हन 12:00 बजे सभागार में सम्पन्न परीक्षा समिति (06) की बैठक की कार्यवृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो0 ए0 चटर्जी | सदस्य |
| 03. | प्रो0 चन्दना डे, | सदस्य |
| 04. | प्रो0 एतहेशाम अहमद | सदस्य |
| 05. | प्रो0 फ़खरे आलम | सदस्य |
| 06. | प्रो0 सौबान सईद | सदस्य |
| 07. | डॉ0 नीरज शुक्ल | सदस्य |
| 08. | डॉ0 पूनम चौधरी | सदस्य |
| 09. | श्री अजय कृष्ण यादव, कुलसचिव | सदस्य |
| 10. | डॉ0 भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्य-सूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :-

**बिन्दु संख्या- 01 परीक्षा समिति की 05वीं बैठक दिनांक 10.01.2023 के संलग्न कार्यवृत्त के सम्पुष्टीकरण पर विचार।**

**निर्णय -** परीक्षा समिति की 05वीं बैठक दिनांक 10.01.2023 के कार्यवृत का अवलोकनोपरान्त सम्पुष्टीकरण किया गया।

**बिन्दु संख्या-02 पी0एच0डी0 आर्डिनेन्स, 2017 प्रस्तर 9.2.1 के आधार पर अध्ययनरत् पी0एच0डी0 शोधार्थियों के शोध-ग्रन्थ की मूल्यांकन आख्या को खोला जाना।**

**निर्णय -** पी0एच0डी0 आर्डिनेन्स, 2017 प्रस्तर 9.2.1 के आधार पर अध्ययनरत् पी0एच0डी0 शोधार्थियों के शोध-ग्रन्थ की मूल्यांकन आख्या के लिफाफे खोले गये एवं उनका वाइवा/प्रजेन्टेशन कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया है, जोकि निम्न तालिकानुसार है:-

| क्र0सं0 | शोधार्थी का नाम | विभाग | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | अनुभव तिवारी | वाणिज्य विभाग | मौखिकी हेतु संस्तुत |
| 02 | शिप्रा शुक्ला | वाणिज्य विभाग | मौखिकी हेतु संस्तुत |
| 03 | ऐमन सिद्दीकी | वाणिज्य विभाग | मौखिकी हेतु संस्तुत |
| 04 | अंकाक्षा सिंह | वाणिज्य विभाग | मौखिकी हेतु संस्तुत |
| 05 | उन्नति | गृह विज्ञान विभाग | मौखिकी हेतु संस्तुत |

Bmishra
Controller Of Examination
K.M.C. Language University
Lucknow

कुलपति
ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

बिन्दु संख्या- 03 पी0एच0डी0 शोधार्थियों को प्रदान की जाने वाली डिग्री का वर्ष क्या होगा ? पर चर्चा।

निर्णय – समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि "शोधार्थी के शोध रजिस्ट्रेशन की तिथि एवं जिस वर्ष शोधार्थी को पी0एच0डी0 डिग्री अवार्ड होगी, उस वर्ष के दीक्षान्त समारोह की तिथि एवं परीक्षाफल अधिसूचना जारी किये जाने की तिथि एवं वर्ष शोध उपाधि पत्रक (Degree) पर अंकित किये जायें।"

बिन्दु संख्या- 04 पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा के पेपर सेटिंग का पारिश्रामिक निर्धारित किये जाने पर विचार-विमर्श।

निर्णय- पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा के पेपर सेटिंग का पारिश्रामिक धनराशि रू0 50.00 प्रति प्रश्न निर्धारित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

बिन्दु संख्या- 05 स्क्रूटनी कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश तैयार कराये जाने पर विचार-विमर्श।

निर्णय –
01. समस्त मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी करायी जायेगी।
02. प्रत्येक विषय-वार मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं में 2 प्रतिशत से अधिक त्रुटियां पाये जाने पर सम्बन्धित शिक्षक से रू0 100 प्रति उत्तर पुस्तिका अर्थ-दण्ड के रूप में विश्वविद्यालय कोष में जमा कराने के साथ ही सम्बन्धित मूल्यांकनकर्ता शिक्षक/शिक्षिका को चेतावनी पत्र निर्गत किया जायेगा।
03. पृथक से स्क्रूटनी कार्य हेतु दिशा-निर्देश तैयार कराये जाने पर निर्देश प्रदान किये गये है।

बिन्दु संख्या- 06 स्क्रूटनी कार्य हेतु शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को मानदेय दिये जाने पर विचार-विमर्श।

निर्णय – स्क्रूटनी कार्य हेतु शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को निम्नवत् मानदेय दिये जाने पर सहमति प्रदान की गयी:-

| | |
|---|---|
| शिक्षक संवर्ग | - 50 पैसा प्रति उत्तर पुस्तिका |
| तृतीय श्रेणी संवर्ग | - 500.00 नियत (सम्पूर्ण कार्य) |
| चतुर्थ श्रेणी संवर्ग | - 300.00 नियत (सम्पूर्ण कार्य) |

बिन्दु संख्या-07 आगामी सम-सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी एवं तिथि पर विचार-विमर्श।

निर्णय – आगामी सम-सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी एवं तिथि UGC/AICTE शासनादेश में विहित मानकानुसार निर्धारित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

<u>अन्य बिन्दु</u>

अन्य बिन्दु माननीय अध्यक्ष/ कुलपति महोदय की अनुमति से।

बिन्दु संख्या-01 पी0एच0डी0 प्रवेश हेतु दिशा-निर्देश तैयार किये जाने पर विचार-विमर्श।

Controller Of Examination
K.M.C. Language University
Lucknow

कुलपति
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

अध्यादेश 2021 एवं 2022 में तदानुसार संशोधन करने एवं दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु निम्नवत् समिति के गठन पर अनुमोदन प्रदान किया गया है:-

| | |
|---|---|
| 01. प्रो0 एहतेशाम अहमद | - पी0एच0डी0, समन्वयक |
| 02. प्रो0 सौबान सईद | - संकायाध्यक्ष, शैक्षणिक |
| 03. डॉ0 पूनम चौधरी | - उप परीक्षा नियंत्रक |
| 04. डॉ0 नीरज शुक्ल | - सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग/कुलानुशासक |
| 05. प्रो0 ए0 चटर्जी | - परीक्षा समिति, बाह्य सदस्य |

**बिन्दु संख्या-02** **पी0एच0डी0 प्रवेश के उपरान्त शोध से सम्बन्धित विविध प्रारूपों के निर्माण पर विचार-विमर्श।**

निर्णय- पी0एच0डी0 से सम्बन्धित समस्त प्रारूपों के निर्माण एवं पूर्व निर्धारित प्रारूपों के पुनः परीक्षण एवं संशोधन हेतु निम्नवत् समिति का गठन किया गया है:-

| | |
|---|---|
| 01. प्रो0 एहतेशाम अहमद | - पी0एच0डी0 समन्वयक |
| 02. कुलसचिव | -ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ। |
| 03. परीक्षा नियंत्रक | -ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

**बिन्दु संख्या-03** **उपरोक्त परीक्षा समिति के बिन्दुओं में वित्तीय मद पर विचार-विमर्श।**

निर्णय- उपरोक्त परीक्षा समिति के जिन बिन्दुओं में वित्तीय उपाशय निहित हैं, उन बिन्दुओं को आगामी वित्त समिति एवं कार्यपरिषद् से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही अनुमोदित माने जाने पर सहमति प्रदान की गयी है।

अन्त में बैठक धन्यवाद् ज्ञापित करने के उपरान्त समाप्त हुई।

Bmishra

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
**परीक्षा नियंत्रक/सचिव**
Controller Of Examinatio
K.M.C. Language University
Lucknow

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
**कुलपति/अध्यक्ष**
कुलपति
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ